# चलो खाटू नगरिया | By Sunil Sarvottam

चलो जी चलो खाटू नगरिया फागुण के मेले में
मिलेंगे वहां श्याम सांवरिया मेरे श्याम सांवरिया फागुण के मेले में

लेकर आये निशान हाथ में भक्तजनो की टोली
आज है सबकी एक ही भाषा और एक ही बोली
जय श्री श्याम से गूंजे खाटू हो रही जय जयकार
चलो जी चलो ...........

सुन्दर सुन्दर फूल सजे हैं प्यारो लगे दरबार
फूलों में सज धज के बैठे बाबा लखदातार
बागा चोला तन पे साजे सर पे साजे ताज
चलो जी चलो ...........

देश विदेश से भक्त हैं आये बाबा के दर्शन को
श्याम नाम के जय जयकारे लगते प्यारे मन को
यूपी एमपी हरयाणा से आये भगत हज़ार
चलो जी चलो ...........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9a%e0%a4%b2%e0%a5%8b-%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82-%e0%a4%a8%e0%a4%97%e0%a4%b0%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-by-sunil-sarvottam/